न्यायालय उपजिला कलैक्टर,अनूपगढ़ जिला श्रीगंगानगर (राज0)

पीठासीन अधिकारी –पवन कुमार (आर.ए.एस.)

वाद संख्या–10/2020

मनजीत कौर पत्नी श्री नक्षत्र सिंह जाति मजबीसिख साकिन मोहनपुरा जिला श्री गंगानगर

----प्रार्थीया

बनाम्

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार(राजस्व), अनूपगढ़ जिला श्री गंगानगर

-----अप्रार्थी

वाद पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू.राजस्व अधिनियम

::निर्णय:: दिनांक–28.10.2020

संक्षेप में प्रकरण के तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थीया बलजीत कौर ने प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया कि प्रार्थीया बलजीत कौर पत्नी नक्षत्रसिंह जाति मजबी सिख निवासी मोहनपुरा जिला श्री गंगानगर की रहने वाली है। प्रार्थीया का नाम जमीन की जमाबंदी में बसों कौर दर्ज हो गया है अतः प्रार्थीया के अन्य सभी दस्तावेजों में नाम बलजीत कौर है। उसका नाम दुरूस्त किया जावें।

प्रार्थीया का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल.आर.एक्ट में दर्ज किया गया। पत्रावली में दर्ज तथ्यों एवं सलंग्न दस्तावेजात का गहनता से मनन किया गया। चक 13 एमडी बी की 0.338 हैक्टर 13 एमडी ए के प. नं.–81/8 की 0.506 हैक्टर कमाण्ड/अनकमाण्ड पालकौर पुत्री महेन्द्रसिंह जाति मजहबी सिख खातेदार दर्ज रिकॉर्ड है। उक्त रकबा ईंतकाल संख्या–121 व 140 किस्म विरासतन दिनांक 04.02.2008 पालकौर वगेरह पिसरान महेन्द्रसिंह के नाम दर्ज हुआ था। प्रार्थिया के आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र में मनजीत कौर पत्नी औंकारसिंह अंकित है मौका पर पूछताछ एवं सरपंच ग्राम पंचायत रिपोर्ट अनुसार पालकोर पुत्री महेन्द्रसिंह एवं मनजीतकौर पत्नी औंकारसिंह एक ही महिला के नाम है। पत्रावली में प्रस्तुत समस्त दस्तावेजात पर मनन करने के पश्चात प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किये जाने योग्य होने के कारण स्वीकार किया जाकर न्यायहित में प्रार्थी का नाम दुरूस्त किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है।

::आदेश::

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार अनूपगढ़ को आदेशित किया जाता है कि चक 13 एमडी बी की 0.338 हैक्टर व 13 एमडी ए के प. नं.–81/8 की 0.506 हैक्टर कमाण्ड/अनकमाण्ड कृषि भूमि में प्रार्थीया का नाम पालकौर के स्थान पर मनजीत कौर का अंकन किया जावें। अप्रार्थी तहसीलदार अनूपगढ को उक्त आदेश को राजस्व रिकार्ड में अमलदरामद करने हेतु तहरीर अलग से जारी हो।

निर्णय आज दिनांक 04/11/2020 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(पवन कुमार)
उपखण्ड अधिकारी
अनूपगढ

Signature Not Verified

Digitally signed by Pawan Kumar
Date: 2020.12.26 15:06:56 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner